हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–24 : जौनपुर, मंगलवार 13 सितम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया


## दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए यूपी में एक हजार करोड़ रुपये का होगा निवेश –मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए एक हजार करोड़ रुपये निवेश किए जाएंगे। प्रदेश पूरे देश के दुग्ध उत्पादन का 16.60 प्रतिशत दुग्ध उत्पादित करता है। प्रदेश में प्रतिदिन 8.72 करोड़ लीटर से ज्यादा दूध का उत्पादन होता है। इसमें से 48 प्रतिशत खपत कर शेष 52 प्रतिशत अन्य राज्यों को सप्लाई होता है। अभी उत्पादन बढ़ाने की योजना तैयार की जा रही है। प्रदेश में संगठित क्षेत्र में 110 डेयरी प्लांट है, जिसमें सहकारी क्षेत्र के तहत 13 डेयरी प्लांट आते हैं। यूपी का डेयरी उद्योग सहकारी मॉडल पर आधारित है जो छोटे और सीमांत डेयरी किसानों, विशेषकर महिलाओं को सशक्त बना रहा है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और नया आयाम देने में दुग्ध उत्पादन का अहम योगदान है। इसके साथ ही महिलाएं इससे जुड़कर आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बन रही हैं। 319 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा हो रहा दुग्ध उत्पादन दुग्ध आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने बताया कि देश में 16.60 प्रतिशत शेयर के साथ उप्र देश का सर्वाधिक दुग्ध उत्पादन करने वाला राज्य है। अगर पिछले पांच वर्ष की बात करें तो दुग्ध उत्पादन में प्रदेश में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उत्तर प्रदेश वर्तमान में 319 लाख मीट्रिक टन दूध का उत्पादन कर रहा है। राजस्थान 256 लाख मीट्रिक टन दूध का उत्पादन कर दूसरे, मध्य प्रदेश 171 लाख मीट्रिक टन का उत्पादन कर तीसरे, गुजरात 153 लाख मीट्रिक टन का उत्पादन कर चौथे और आंध्र प्रदेश 152 लाख मीट्रिक टन का दूध उत्पादन कर पांचवें स्थान पर है। अब हर व्यक्ति को उपलब्धता बढ़ी दुग्ध आयुक्त के मुताबिक प्रदेश में 20 दुग्ध संघ सहकारी क्षेत्र में हैं जबकि 8600 से अधिक कार्यरत दुग्ध समितियों में करीब 4 लाख दुग्ध उत्पादक सदस्य हैं।



प्रदेश में जहां पांच साल पहले प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता 352 ग्राम प्रति दिन थी जो आज वित्तीय वर्ष में बढ़कर 406 ग्राम प्रतिदिन पहुंच गई है। एक हजार करोड़ रुपये निवेश करने के लिए नंद बाबा दुग्ध मिशन संचालित करने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश में जहां वर्ष 2016–17 में दूध का उत्पादन 264 लाख मीट्रिक टन होता था। एक्सपो मार्ट खोलेगा रोजगार की असीम संभावनाओं के द्वार सोमवार को ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित इंटरनेशनल डेयरी फेडरेशन वर्ल्ड डेयरी समिट 2022 का उद्घाटन पीएम ने किया। चार दिवसीय समिट में डेयरी उद्योग से जुडे दुनियाभर के व्यापारी, विशेषज्ञ, किसान और नीति निर्माता शामिल हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश की धरती पर आयोजित हो रहा यह समिट दुग्ध उत्पादन और इस क्षेत्र में रोजगार की असीम संभावनाओं के द्वार खोलेगा। दुग्ध आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने बताया कि एक हजार करोड़ रुपये निवेश करने के लिए नंद बाबा दुग्ध मिशन संचालित करने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश में जहां वर्ष 2016–17 में दूध का उत्पादन 264 लाख मीट्रिक टन होता था। सहकारी मॉडल पर आधारित यूपी का डेयरी उद्योग छोटे और सीमांत डेयरी किसानों, विशेषकर महिलाओं को सशक्त बना रहा है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और नया आयाम देने में दुग्ध उत्पादन का अहम योगदान है।

## गोरखपुर में रहस्यमय बुखार के मरीज बढ़े : कई स्कूलों में कक्षाएं हुई सस्पेंड : मंकी पॉक्स का मिला संदिग्ध मामला

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : महानगर में रहस्यमय वायरल बुखार के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। सोमवार को जिला अस्पताल से लेकर मेडिकल कालेज की ओपीडी में बड़ी संख्या में बुखार के मरीज इलाज कराने पहुंचे। मरीजों में सर्वाधिक संख्या बच्चों और किशोरों की है। सोमवार को जिला अस्पताल के बालरोग और मेडिसिन की ओपीडी में मरीजों की लंबी कतार लगी रही। इस बुखार से पीड़ित कुछ रोगियों के मुंह में छाले और शरीर पर लाल चकत्ते हो जा रहे हैं। कई स्कूलों में एहतियातन कक्षाएं सस्पेंड। गोरखनाथ, सिविल लाइंस, तारामंडल और खोराबार क्षेत्र के कई स्कूलों के छात्रों के बीमारी की चपेट में आने के बाद स्कूलों ने एहतियात बरतने शुरू कर दिए हैं। स्कूलों की प्राथमिक कक्षाओं के संचालन पर प्रबंधन ने रोक लगानी शुरू कर दी है। सोमवार को कुछ स्कूलों में पांचवीं तक की कक्षाओं के संचालन को एक हफ्ते के लिए स्थगित कर दिया गया। डॉक्टर करा रहे कोविड जांच। महानगर में फैले रहस्यमय बुखार की पहचान डॉक्टरों के लिए सिरदर्द बन गई है। मर्ज की पहचान के लिए डॉक्टरों ने मरीजों की कोविड जांच कराने



की भी शुरूआत कर दी है। जबकि इन मरीजों में कोविड जैसे लक्षण नहीं है। इसके कारण अस्पतालों में कोविड जांच का ग्राफ सोमवार को उछल गया। सोमवार को एहतियातन हुई कोविड जांच का कोई खास परिणाम नहीं निकला। रहस्यमय बुखार से जूझ रहे मासूम कोविड की एंटीजन जांच में निगेटिव मिले। मंकीपॉक्स का संदिग्ध मरीज मिला, सैंपल KGMU लखनऊ भेजा गया। मंकीपॉक्स के संक्रमण का भी खतरा मंडराने लगा है। बीआरडी मेडिकल कॉलेज में मंकीपॉक्स का एक संदिग्ध मरीज भर्ती किया गया है। उसे आइसोलेशन वार्ड में रखा गया है। मरीज के लार व खून का नमूना केजीएमयू, लखनऊ को भेज दिया गया है।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## राष्ट्रीय युवा वाहिनी की राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ युवा बनी प्रियंका पाठक



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। हिंदू देव प्रकाश शुक्ला संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय युवा वाहिनी ने संजीव कुमार गोयल को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी। हिंदू देव प्रकाश शुक्ला ने कहा कि हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि पूरे भारत में संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेंगी। मनोनयन पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सांस्कृतिक प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता पंडित सुरेश चंद्र अवस्थी जी एवं श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर रामदास जी महाराज संरक्षक मार्गदर्शक राष्ट्रीय युवा वाहिनी हिंदू हृदय सम्राट यति नरसिंहानंद सरस्वती जी महाराज राष्ट्रीय महासचिव ऋचा वशिष्ठ राष्ट्रीय अनुशासन प्रभारी श्यामानंद जी राष्ट्रीय अध्यक्ष गौ प्रकोष्ठ हिंदू पंडित ह्रदेश शर्मा प्रदेश राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुशासन समिति स्वामी नित्यानंद जी महाराज राष्ट्रीय अध्यक्ष किन्नर प्रकोष्ठ 1008 श्री श्री सोभा नंद गिरि जी महाराज राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री श्री अंतर्राष्ट्रीय संत राजेश्वर गिरी जी महाराज राष्ट्रीय युवा वाहिनी राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ बृजेश शुक्ला राष्ट्रीय संयोजक गौ प्रकोष्ठ संरक्षक उत्तर प्रदेश सौरभ महाराज जी संरक्षक हुंकार दास जी महाराज प्रमुख धर्माचार्य बालक दास जी महाराज पातालपुरी पीठाधीश्वर अनूप कुमार पाण्डेय प्रदेश राष्ट्रीय सचिव दशरथ यादव अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राजीव लोचन शुक्ला राष्ट्रीय महासचिव साध्वी अंजलि पंडित प्रदेश अध्यक्ष किन्नर प्रकोष्ठ हिमाचल प्रदेश , उत्तर प्रदेश महिला प्रकोष्ठ के सचिव वत्सला मिश्रा ने बधाई दी है। इसी पीसी मिश्रा राष्ट्रीय सचिव अनुशासन समिति राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मधुवेंद्र प्रताप सिंह गुड़िया निगम प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश अभिषेक दुबे प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश युवा प्रकोष्ठ दीप शिखा साहू प्रदेश प्रभारी मध्य प्रदेश महिला प्रकोष्ठ प्रीति मिश्रा संरक्षक मध्य प्रदेश संजीव गोयल राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने बधाई दी है।

## दिव्यांग पेंशन प्राप्त कर रहे 16297 दिव्यांगजनों द्वारा नहीं कराया गया के0वाई0सी0

जौनपुर सू.वि. : जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी दिव्या शुक्ला ने अवगत कराया है कि जनपद जौनपुर में दिव्यांग पेंशन प्राप्त कर रहे 16297 दिव्यांगजनों द्वारा अभी तक अपना आधार आथेन्टीकेशन (के0वाई0सी0) नहीं कराया गया है। जिन दिव्यांगजनों द्वारा आधार आथेन्टीकेशन (के0वाई0सी0) नहीं कराया गया है उनकी दिव्यांग पेंशन की द्वितीय तिमाही की दिव्यांग पेंशन की धनराशि खाते में नहीं जायेगी। अतः जिन दिव्यांगजनों का आधार आथेन्टीकेशन (के0वाई0सी0) नहीं हुआ है वे 15 सितम्बर तक स्वयं के माध्यम से या किसी साइबर कैफे के माध्यम से वेब पोर्टल https%//sspy-up.gov.in पर मोबाइल के माध्यम से ओ.टी.पी. प्राप्त कर अपना आधार आथेन्टीकेशन (के0वाई0सी0) तत्काल करवाना सुनिश्चित करें। आधार आथेन्टीकेशन (के0वाई0सी0) करवाने में किसी कठिनाई एवं जानकारी हेतु कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण कार्यालय विकास भवन जौनपुर में सम्पर्क कर सकतें है।

## दबंग नटो ने भूमिधरी जमीन पर अवैध कब्जा करने का किया प्रयास : दोनों पक्षों का शांति भंग की धारा में हुआ चालान


अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) पटरंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत रजानगर गांव में दबंग नटो द्वारा भूमिधरी गाटा संख्या 0176 में अवैध तरीके से जबरन बांस बल्ली गाड़ कर कब्जा कर रहे थे जिस पर भूमि स्वामी द्वारा अवैध कब्जे को रोकने का प्रयास किया गया तो लगभग दर्जनों की संख्या में पुरुष व महिलाओं ने भूमि मालिक पर हमला कर दिया।दबंगो का कब्जा खलिहान व खाद गड्ढा में है।उसी से सटा गाटा संख्या 176 है जिस पर बाउंड्रीवाल है।उक्त भूमि का कई बार राजस्व टीम द्वारा पैमाइश भी हो चुकी है।दबंग नटो द्वारा भूमि मालिक पर एससी एसटी में फंसा देने व छेड़छाड़ करने की धमकी भी देते रहते हैं।जबकि उक्त भूमि पर भू स्वामी की बाउंड्रीवाल है।फिर भी बाउंड्रीवाल के अंदर दबंग नट जबरन अवैध कब्जा करना चाहते है। जानकारी के मुताबिक भूमिधरी गाटा संख्या 176 पर रविवार सुबह सहजराम पुत्र बाबूलाल, पप्पू नट पुत्र सहजराम,राजेश कुमार,छोटू,आजाद व किन्नी व मुल्ला पुत्रगण सहजराम व सभी की पत्नियों ने मिलकर अवैध रूप से कब्जा करने की नियत से बास बल्ली गाड़ कर टीन शेड आदि रख लिया जब इसकी जानकारी भू स्वामी को हुई तो भू स्वामी ने अवैध अतिक्रमण को अपने बाउंड्रीवाल से बाहर रख दिया जिस पर विपक्षी पप्पू नट अपने भाइयों के साथ मिलकर भू स्वामी पर हमला कर फौजदारी पर आमादा हो गए।सूचना पर पहुची पुलिस दोनों पक्षों से 6 लोगों को पकड़कर थाने ले आये और शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया। विपक्षी सहजराम व पप्पू नट का पैतृक घर गनौली है जंहा पर तालाब व खलिहान की भूमि पर पक्का मकान बनवा रखा है और कृषि भूमि का पट्टा भी है यही नही सहजराम को जरायलकला में पट्टे की भूमि भी आवंटित है।जैनाबाद में दो बीघा जमीन बैनामा भी ले रखा है।फिर भी दबंगई के बल पर सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने से बाज नही आ रहा है। विपक्षी अनुसूचित जाति होने का फायदा उठाकर राजस्व विभाग को गुमराह करने का कार्य कर रहा है।

## जनपद में संचालित समस्त राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 13 से 17 सितम्बर तक होगा प्रवेश

जौनपुर सू.वि. : जनपद में संचालित समस्त राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिद्दीकपुर, उसरावं, शाहगंज, जौनपुर में प्रवेश सत्र अगस्त–2022 में प्रवेश हेतु चयनित अभ्यर्थियों का प्रवेश 13 सितम्बर 2022 से 17 सितम्बर 2022 तक निर्धारित की गयी है। चयनित अभ्यर्थी अपने मूल प्रमाण–पत्रों के साथ चयनित संस्थान में आकर प्रवेश लेना सुनिश्चित करें। (प्रवेश हेतु संस्थान अवकाश के दिनों में भी खुला रहेगा)। उक्त जानकारी प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, जौनपुर ने दी है।

## स्वास्थ्य विभाग में सामानों की आपूर्ति के लिए ब्लैक लिस्टेड कंपनियों को दिया टेंडर

लखनऊ ब्यूरो : स्वास्थ्य विभाग में लैपटॉप व प्रिंटर के नाम पर लाखों रुपये के खेल का खुलासा हुआ है। यह कारनामा 11 जिलों में ब्लैक लिस्टेड दो कंपनियों को आपूर्ति का टेंडर देकर अंजाम दिया गया। मामले का खुलासा होने पर आपूर्ति कार्यादेश निरस्त करने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। एनएचएम निदेशक ने संबंधित जिलों के डीएम को पत्र भेजकर मामले की जांच कर सप्ताहभर में रिपोर्ट देने को कहा है। दरअसल, विभिन्न जिलों में सीएमओ कार्यालय में लैपटॉप और प्रिंटर खरीदने का टेंडर हुआ था। ऑडिट में सहारनपुर, हापुड़, रामपुर, महोबा, कौशांबी, प्रतापगढ़, अंबेडकरनगर, कानपुर नगर, प्रयागराज, अमरोहा व महाराजगंज में यह गंभीर गड़बड़ी पकड़ में आई। यहां जेम पोर्टल से उन कंपनियों का चयन कर लिया गया है, जो ब्लैक लिस्टेड थीं। एनएचएम निदेशक की ओर से जारी पत्र में बताया गया है कि मेसर्स एस ट्रेडर्स व मेसर्स श्री तिरुपति इंफोटेक को वर्ष 2020–21 में ब्लैक लिस्टेड किया जा चुका है। इसके बाद भी सहारनपुर व हापुड़ में मेसर्स श्री तिरुपति इंफोटेक को ऑर्डर दिया गया। संबंधित सीएमओ ने राज्य कार्यक्रम प्रबंधन इकाई को इसकी सूचना भी नहीं दी। यही नहीं आपूर्ति कार्यादेश जारी करने से पहले सत्यापन भी नहीं कराया गया। न ही जिला ऑडिट कमेटी की बैठक में इसकी समीक्षा हुई। यही स्थिति रामपुर, महोबा, कौशांबी, अंबेडकर



नगर, कानपुर, प्रयागराज, अमरोहा और महराजगंज में सामने आई। इन जिलों में मेसर्स एस ट्रेडर्स का चयन किया गया है। प्रतापगढ़ में भी मेसर्स एस ट्रेडर्स को टेंडर जारी किया गया। यहां ऑडिटर की आपत्ति के बाद भी फर्म का चयन कर लिया गया। जिला ऑडिट कमेटी की बैठक में प्रकरण की समीक्षा भी नहीं की गई।

## बिजली दरें बढ़वाने के लिए अपटेल से गुहार लगाएगा पावर कॉर्पोरेशन

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश में बिजली दरें बढ़वाने के लिए पावर कॉर्पोरेशन अपीलेट ट्रिब्यूनल फॉर इलेक्ट्रिसिटी (अपटेल) में गुहार लगाएगा। राज्य विद्युत नियामक आयोग की ओर से 20 जुलाई को वर्ष 2022–23 के लिए जारी टैरिफ ऑर्डर के खिलाफ दिल्ली में मंगलवार को अपटेल में याचिका दायर किए जाने की संभावना है। पावर कॉर्पोरेशन को 11.67 फीसदी लाइन हानियों के आधार पर बिजली दरें तय करने से एतराज है। कॉर्पोरेशन चाहता था कि 17.5 फीसदी लाइन हानियों के आधार पर दरें तय की जाएं, जिससे उसे राजस्व का नुकसान न हो। वहीं टैरिफ आर्डर में विभिन्न मदों में नियामक आयोग द्वारा की गई कटौती को भी पावर कॉर्पोरेशन की ओर से चुनौती दी जा रही है। सूत्रों का कहना है कि बिजली कंपनियां घाटे की भरपाई के लिए बिजली दरें बढ़वाना चाहती थीं, लेकिन आयोग ने इस साल दरों में किसी तरह की वृद्धि नहीं की है। यही वजह है बिजली कंपनियां टैरिफ आर्डर से संतुष्ट नहीं है। याचिका में कम लाइन हानियों के आधार पर बिजली दरें तय किए जाने के अलावा नियामक आयोग द्वारा विलंब अधिभार लगाने, ट्रांसमिशन चार्ज, परिचालन एवं अनुरक्षण व्यय में कटौती, स्मार्ट मीटर पर आने वाले खर्च को मंजूरी न दिए जाने, विभागीय कर्मचारियों को रियायती



बिजली की सुविधा खत्म करने, निजी कंपनी टोरेंट पावर को बेची जा रही सस्ती बिजली जैसे मुद्दों को उठाते हुए नियामक आयोग के आदेश पर रोक लगाने का अनुरोध जाएगा। बिजली दरें घटाने के लिए पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई की मांग अपटेल में याचिका दायर किए जाने की भनक लगते ही राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद हरकत में आ गया है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि नियामक आयोग का टैरिफ आर्डर चार अगस्त से प्रभावी हो गया है। पहले ऊर्जा मंत्री और सरकार इस टैरिफ आर्डर की तारीफ करके वाहवाही लूट रहे थे और अब अपटेल में मुकदमा दायर किया जा रहा है। वर्मा ने सोमवार को नियामक आयोग के अध्यक्ष आरपी सिंह से मुलाकात कर एक जनहित प्रत्यावेदन दाखिल किया। इसमें बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं के निकल रहे 22,045 करोड़ और एनपीसीएल पर निकल रहे 579 करोड़ रुपये के एवज में बिजली दरों में कमी के लिए पुनर्विचार याचिका पर तत्काल सुनवाई शुरू करने की मांग की गई है। वहीं उपभोक्ता परिषद ने सवाल उठाया कि बिजली कंपनियां अपटेल में मुकदमा दायर करने के लिए वकीलों पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही हैं। इसका बोझ भी उपभोक्ताओं पर ही पड़ेगा।

## इंजीनियरिंग संस्थान में मनाई गई उमानाथ सिंह की पुण्यतिथि

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के उमानाथ सिंह इंजीनियरिंग संस्थान परिसर में उमानाथ सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार को पूर्व सांसद डॉ केपी सिंह और कुलपति प्रो. निर्मला एस.मौर्य ने उमानाथ सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पूर्व सांसद केपी सिंह ने कहा कि पिताजी मानवता के पुजारी थे । उनके सद्कर्मों के चलते ही समाज में उनकी अच्छी पहचान थी। मानवता की करुण पुकार पर उन्होंने अपनी आहुति दे दी। कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि उमानाथ सिंह सरल, सहज प्रतिभा के धनी थे। शिक्षा के क्षेत्र में उनके किए कार्यो को भुलाया नहीं जा सकता। संकाय अध्यक्ष प्रो. बीबी तिवारी ने स्व. उमानाथ सिंह से जुड़ी स्मृतियों को साझा किया। इस अवसर पर



कुलसचिव महेंद्र कुमार वित्त अधिकारी संजय कुमार राय, परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह, प्रो हिमांशु सिंह , डॉ राकेश तिवारी, डॉ. विनोद तिवारी, सतीश त्यागी, प्रो अशोक श्रीवास्तव, डॉ संतोष कुमार, डॉ संजीव गंगवार, प्रो रजनीश भास्कर, श्री श्याम त्रिपाठी आदि उपस्थित थे।

## निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण 14से प्रारम्भ होकर 20 सितम्बर 2022 तक होगा सम्पन्न

जौनपुर सू.वि. : जिला पूर्ति अधिकारी ने सर्वसाधारण को अवगत कराया है कि वितरण माह–सितम्बर, 2022 में होने वाले प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अन्तर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम–2013 में आच्छादित अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी राशनकार्डों से सम्बद्ध यूनिटों पर 05 किग्रा0 चावल प्रति यूनिट की मात्रानुसार माह–जुलाई, 2022 के सापेक्ष आवंटित निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण दिनांक–14.09.2022 से प्रारम्भ होकर दिनांक–20.09.2022 तक सम्पन्न होगा। उक्त योजनान्तर्गत वितरण की अन्तिम तिथि दिनांक–20.09.2022 होगी, जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से चावल प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण सम्पन्न किया जा सकेगा। तत्क्रम में जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि वे पूर्व में जारी सोशल डिस्टेन्सिंग के निर्देशो का पालन कराते हुए नियमानुसार चावल का निःशुल्क वितरण पर्यवेक्षणीय अधिकारियों की उपस्थिति में करना सुनिश्चित करेंगे। उक्त के अतिरिक्त जनपद के समस्त कार्डधारकों/लाभार्थियों को सूचित किया जाता है कि कतिपय कारणों से वर्तमान माह–सितम्बर, 2022 में माह–जुलाई, 2022 हेतु आवंटित पी0एम0जी0के0ए0वाई0 योजना का खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है, जबकि पी0एम0जी0के0ए0वाई0 योजना एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत (दोनों योजनाओं हेतु) माह–अगस्त, 2022 एवं माह–सितम्बर, 2022 हेतु आवंटित खाद्यान्न का वितरण शासन के निर्देशानुसार अग्रेतर किया जायेगा। उक्त के सम्बन्ध में किसी प्रकार के भ्रम की स्थिति उत्पन्न न होने पाये। उक्त सूचना के सम्बन्ध में एवं निःशुल्क चावल के वितरण की सूचना को उचित दर विक्रेता अपनी दुकानों पर चस्पा करेंगे, ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी खाद्यान्न प्राप्त करने से वंचित न रह जाये।


facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram


–सुविचार–

**फल की प्राप्ति तभी संभव है जब कर्मों का बीज बोया जाये, केवल सोचनें से फल नहीं मिलता।**

*–साभार ज्ञानामृत पत्रिका*

# जंघई स्टेशन पर जाने वाले रास्ते मे जलजमाव :यात्रीओ को हो रही दिक्कत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जंघई स्टेशन पर कन्ट्रक्शन का काम करा रहे ठेकेदार की लापरवाही के कारण जंघई स्टेशन पर जाने वाले रास्ते मे जलजमाव हो गया जिससे यात्रीओ को पानी से होकर ट्रेन से पकडने के लिए जाना पड रहा है ।जिससे यात्रीओ को दिक्कत का सामना करना पड रहा है। वाराणसी प्रतापगढ़ रेलवे रुट पर स्थित जंघई रेलवे स्टेशन ए श्रेणी का स्टेशन है यहा वार्षिक आय 30 करोड है यहा से यात्री वाराणसी प्रतापगढ़ जौनपुर प्रयागराज की तरफ जाने के लिए ट्रेनो की अदला बदली करते है इन दिनों जंघई स्टेशन के सौन्दर्यीकरण का काम चल रहा है। जिससे ठेकेदार द्वारा खोदाई किया गया है जिस पर ठेकेदार द्वारा पानी निकालकर वाहर किया जा रहा है वही पानी स्टेशन जाने वाले रास्ते मे फैल गया है जिससे यात्रीओ को पानी से होकर गुजरना पड रहा है । पानी से भरा होने के यात्रीओ को दिक्कत का सामना करना पड रहा है। स्टेशन अधीक्षक वकील सिह का कहना है की बाजार का पानी कन्ट्रक्शन के काम मे पहुच रहा है जिसका पानी ठेकेदार द्वारा निकाला गया जिससे जलजमाव हुआ है अब ठेकेदार द्वारा पम्प लगाकर रास्ते पानी निकाला जा रहा है।

## माल गोदाम की सड़क झील में तब्दील : आमदनी में वाराणसी के बाद दूसरे स्थान पर है शाहगंज का माल गोदाम

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पूर्वांचल में आमदनी की दृष्टि से वाराणसी के बाद दूसरा स्थान रखने वाला स्थानीय रेलवे मालगोदाम उपेक्षा की शिकार है। इस गोदाम को जाने वाली सड़क पूरी तरह से गड्ढे में तब्दील हो चुकी है और हल्की बारिश में ही झील का शक्ल ले लेती है। बावजूद इसके रेल प्रशासन सड़क की मरम्मत को लेकर गंभीर नजर नहीं आता। इस मार्ग से होकर गुजरने वाली ट्रकों के चालक और उनके मालिक इस समस्या से खासे परेशान नजर आते हैं। स्थानीय रेलवे मालगोदाम वाराणसी के बाद आमदनी की दृष्टि से पूर्वांचल में दूसरा स्थान रखता है।यहां प्रतिमाह खाद, सीमेंट, अनाज आदि सामानों से लदी रेल मालगाड़ी के डिब्बे पहुंचते हैं। जहां से उनको ट्रकों पर लादकर गोदाम में ले जाकर भंडारण का काम किया जाता है।माल गोदाम से जैसे ही ट्रके आगे बढती है उन्हें एक बड़ी समस्या का सामना करना पड़ता है। माल गोदाम की गड्ढे में तब्दील हो चुकी सड़क में हिचकोले खानी पड़ती है। हल्की बारिश में ही यह सड़क झील का रुप ले लेती है। आए दिन यहां पर ट्रके फंसकर खड़ी हो जाती है। इन को निकालने को लेकर उनके चालक, खलासी और मालिक परेशान होते हैं। इस समस्या की ओर स्थानीय नागरिकों ने रेलवे स्टेशन पर आने वाले विभाग के बड़े अधिकारियों और जिम्मेदार लोगों का ध्यान कई बार खींचा। लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका।महज आश्वासन की घुट्टी पिलाई जाती रही है। कई बार तो इस सड़क के निर्माण के दावे भी बड़े ही पुरजोर ढंग से विभाग के अधिकारियों ने किया। लेकिन जमीनी धरातल पर निर्माण शुरू नहीं हो सका। इस समस्या से चालक और मालिक परेशान होते हैं। इतना ही नहीं इस माल गोदाम पर शेड भी नहीं है। जिसकी वजह से आए दिन बारिश में अनाज के भिगने की खबरें अखबारों की सुर्खियां बनती हैं।इन तमाम परेशानियों के बावजूद रेलवे प्रशासन के अधिकारी गंभीर होते नहीं दिखाई देते है। जिसकी वजह से समस्या दिन – ब – दिन बढ़ती जा रही है। विभागीय अधिकारियों का ध्यान इस समस्या की ओर आकृष्ट कराया गया है। जिससे कि परेशानी से निजात मिल सके।

## लेवाना सुइट्स अग्निकांड में शासन और एलडीए की ठनी : शासन कार्यवाही करने पर तो एलडीए नाम न देने पर अड़ा

लखनऊ ब्यूरो : लेवाना मामले में जांच समिति ने भले ही सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दिया है, लेकिन लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के जिम्मेदारों पर हुई कार्रवाई से आवास विभाग संतुष्ट नहीं हैं। एलडीए का प्रशासनिक विभाग होने के नाते आवास विभाग उन अधिकारियों पर कार्रवाई के लिए अड़ा हुआ है, जिन अधिकारियों के टेबल से नक्शा पास करने से संबंधित पत्रावली गुजरी है। शासन चाहता है कि होटल के निर्माण वाले वर्ष से लेकर अब तक जो भी अधिकारी यह काम देखते रहे हैं, उन सबके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। शासन पहले ही इस बारे में एलडीए से दोषी इंजीनियरों के अलावा जिम्मेदार अधिकारियों के बारे में जानकारी मांग चुका है। इसके बावजूद एलडीए यह जानकारी नहीं दे रहा है। लिहाजा इस मुद्दे पर शासन और एलडीए के बीच ठन गई है। दरअसल आवास विभाग पहले दिन से ही होटल के अवैध निर्माण के लिए एलडीए द्वारा दोषियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई पर सवाल उठा रहा है। इसकी वजह यह रही है कि होटल में आग लगने के कुछ ही घंटे बाद एलडीए ने इस मामले में 22 इंजीनियरों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की संस्तुति करके शासन को भेज दिया था। इस पर प्रमुख सचिव आवास नितिन रमेश गोकर्ण ने असंतोष जताते हुए एलडीए के उपाध्यक्ष से लिखित रूप से यह पूछा था कि 'क्या होटल के अवैध निर्माण व संचालन के लिए सिर्फ इंजीनियर ही दोषी हैं, अन्य अधिकारी या कर्मचारी दोषी नहीं हैं?' उन्होंने अन्य जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों के बारे में तत्काल जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे. लेकिन एलडीए की ओर से शासन को जवाब नहीं भेजा गया। अगले दिन शासन ने एलडीए के रिमाइंडर भेजकर अधिकारियों के बारे में जानकारी उपलब्ध कराने को कहा, फिर भी एलडीए ने शासन के उक्त निर्देश की अनदेखी कर दिया। इसी बीच कमिश्नर और पुलिस कमिश्नर लखनऊ की संयुक्त जांच टीम ने शासन को रिपोर्ट सौंप दी तो एलडीए भी आवास विभाग द्वारा मांगी गई जानकारी देना भूल गया। लेकिन शासन अभी भी इस बात पर अड़ा है कि लेवाना प्रकरण में जिम्मेदार सभी अधिकारियों पर भी कार्रवाई हो, पर एलडीए अधिकारियों को बचाने पर अड़ा है। ऐसे में शासन अब इस प्रकरण के तह तक जाने के लिए लेवाना से संबंधित जमीन का पूरा ब्योरा जुटाने का काम शुरू कर दिया है। शासन स्तर पर इसके लिए कुछ अधिकारियों को लगाया गया है। सूत्रों के मुताबिक शासन जल्द ही इस मामले में एक नई जांच शुरू करा सकता है। इसके लिए कई बिंदु तैयार किया जा रहा है, ताकि इन बिंदुओं के आधार पर एलडीए से रिपोर्ट मांगी जा सके। सही जांच हुई तो नपेंगे कई अफसर शासन द्वारा तैयार किए जा रहे बिंदुओं के आधार पर यदि नये सिरे जांच हुई तो एलडीए में तैनात कई




रसूखदार अधिकारियों की गर्दन भी फंसेगी। सूत्रों का कहना है कि 2017 के बाद एलडीए में सचिव, अवर सचिव, संयुक्त सचिव, विहित अधिकारी, संपत्ति अधिकारी के अलावा उपाध्यक्षों की भी गर्दन फंसेगी। इसलिए एलडीए इस मामले में लीपापोती करना शुरू कर दिया है। यही वजह है कि एलडीए प्रशासन अधिकारियों की गर्दन बचाने के लिए कमिश्नर लखनऊ की जांच कमेटी की रिपोर्ट के बहाने मामले को ठंडे बस्ते में डालने का प्रयास किया है। होटल में पार्टी करने वाले अधिकारी भी निशाने पर सूत्रों की माने तो शासन एलडीए के उन अधिकारियों के बारे में भी जानकारी जुटा रहा है जो अधिकारी 2017 से लेकर अब तक इस होटल में पार्टी करते रहे हैं। वहीं, उन अधिकारियों की सूची भी तैयार की जा रही है, जिन अधिकारियों के पास 2017 से लेकर अब तक नक्शा पास करने की जिम्मेदारी रही है। ये भी प्रमुख तथ्य जुटाए जा रहे – 1996 में सशर्त नक्शा पास करने वाले अधिकारी कौन हैं? – छह महीने बाद निर्माण को आवासीय में परिवर्तित न कराने पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई? – 1999 मे स्वैच्छिक शमन योजना में होटल के अवैध हिस्से को क्यों नियमित किया गया? – 2001 में नक्शा पास करने में किन–किन अधिकारियों की भूमिका रही? होटल अवैध तो कैसे दे दिया जीएसटी नंबर होटल लेवाना सुइट्स अग्निकांड की जांच के दौरान राज्य कर विभाग की लापरवाही पर भी सवाल उठ रहे हैं। सवाल ये है कि जब एलडीए अफसरों एवं इंजीनियरों की सरपरस्ती में बना होटल अवैध था तो उसे राज्य कर विभाग ने जीएसटी नंबर कैसे वैध दे दिया। होटल संचालक ने बिजली कनेक्शन के बाद जीएसटी नंबर लिया और इसके जरिये आबकारी विभाग से बार लाइसेंस हासिल किया। अवैध होटल को बार लाइसेंस देने में आबकारी अफसरों पर तो कार्रवाई की गई, लेकिन जीएसटी नंबर देने वाले राज्य कर विभाग के अफसरों को छोड़ दिया गया। नियमानुसार इलाकाई राज्य कर अधिकारी को जीएसटी नंबर जारी करने के 30 दिन के भीतर कारोबार स्थल का भौतिक रूप से सत्यापन कर जांच प्रक्रिया पूरी करनी पड़ती है। अधिकारी ने जांच के दौरान ओनरशिप का सत्यापन किस दस्तावेज से किया, यह भी सवाल है। राज्य कर विभाग ने होटल चलने के बाद ठहरने वाले ग्राहकों से जीएसटी भी हासिल किया। राज्य कर विभाग के सलाहकार गोविंद प्रसाद गुप्ता ने बताया कि कारोबारी को जीएसटी नंबर कारोबार स्थल और ओनरशिप (मालिक होने की पुष्टि ) की जांच करके जारी किया जाता है। जांच के दौरान दोनों का सत्यापन सही पाए जाने पर जीएसटी नंबर दिया गया होगा।

## पुलिस के संरक्षण में खुलेआम चल रही है सट्टेबाजी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कोतवाली नगर अंतर्गत चौकी फतेहगंज क्षेत्र में पुलिस के संरक्षण में खुलेआम चल रही है सट्टेबाजी प्राप्त जानकारी के अनुसार खीर गली राम जानकी मंदिर के बगल गली मकबरा लालबाग नाका क्षेत्र में खुलेआम सट्टेबाजी खिलाए जाने के कारण नवयुवक हो रहे बर्बाद बताते चलें कि कुछ स्थानों पर जनरल स्टोर की दुकान पर नंबर बुक किए जाते हैं एवं सट्टेबाजी का गेम चलाने वाले लोगों द्वारा चलते फिरते नंबर बुक किए जा रहे हैं जिसकी जानकारी फतेहगंज चौकी के सिपाही से लेकर इंचार्ज तक की होने के बावजूद सट्टेबाजी खिलाए जाने की सुविधा शुल्क हफ्ता सट्टेबाजों द्वारा समय से पहुंचा दिया जाता है जिसके चलते नवयुवक बालक बर्बाद हो रहे हैं।

# नोमानी हेल्थ केयर सेंटर एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य कैंप का उद्घाटन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : निशुल्क स्वास्थ्य कैंप हकीम जहीर हैदर के दवाखाने उर्दू बाजार निकट रामलीला मैदान मे आयोजित किया गया एवं नोमानी हेल्थ केयर सेंटर का उद्घाटन डॉ



राजेश कुमार मिश्रा पूर्व सांसद वाराणसी ने फीता काटकर किया एवं निशुल्क स्वास्थ्य कैंप का निरीक्षण किया।लोगो ने अपना ब्लड प्रेशर ब्लड शुगर की जांच कराई। कैंप में डॉक्टर डॉ अरविंद कुमार यादव सलमान नोमानी अताउल रहमान डॉ दिलीप सरोज डॉ एके यादव डॉक्टर अनिल एन एन कौशिक डॉक्टर डॉक्टर हीरा फिरासत उरूज नोमानी ने सैकड़ों की संख्या में मरीजों को जांच की और देखा और दवा वितरित की उसके उपरांत आए हुए मुख्य अतिथि डॉ राजेश कुमार मिश्रा पूर्व सांसद वाराणसी समाजसेवी राजेश कुमार सिंह डॉक्टर अल्ताफ नोमानी का माला एवं शाल पहनाकर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी अली मंजर डेजी ने किया ।इस अवसर पर सर्वश्री डॉक्टर अल्ताफ महमूद नोमानी ने आए हुए सभी लोगों का शुक्रिया अदा किया। अस्पताल के उद्घाटन के अवसर पर सर्वश्री डॉ प्रमोद वाचस्पति पूनम मौर्य, तहसीन अब्बास सोनी, आफताब आलम उर्फ बाबू, डा, कमर अब्बास ,शेख नुरुल हसन मेमोरियल सोसाइटी के प्रबंधक ए, एम, डेजी, मुकेश यादव, हाजी मोहम्मद अनीस, अरशद कुरैशी, सैयद परवेज हसन नेता, मोहम्मद शाहिद खान, मुन्ना भाई, सैयद हेलाल, आसिफ आदि, डॉक्टर इशरत हुसैन,, फिरोज अख्तर,, मौजूद थे।

# स्कूल के लिए निकले छात्र की लाश रेलवे ट्रेक पर मिली : हड़कंप

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : युवक घर से पढ़ने निकला था लेकिन उसकी लाश रेलवे ट्रैक पर मिली जिससे परिजनो मे हड़कंप मच गया।पुलिस ने शव कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना सराय ममरेज प्रयागराज के पतईयां निवासी राधवेन्द्र प्रताप सिंह जंघई रोड स्थित नवीन मंडी के पास बतौर किरायेदार के रूप मे रहते है।उनका पुत्र आदित्य सिहं (15)गुरूकुल पब्लिक स्कूल मे कक्षा 6 का छात्र है।सोमवार को वह अपनी बहन के साथ साईकिल से स्कूल आया लेकिन वह स्कूल के अंदर न जाकर कही चला गया।स्कूल बंद होने के पहले स्कूल के प्रबंधक विशम्भर दूबे के पास एक फोन आया कि स्कूल के ड्रेस मे एक बच्चा वाराणसी लखनऊ रेलमार्ग के पृथ्वीगंज प्रतापगढ़ के पास बच्चे की लाश मिली है।वह फौरन क्लास मे गये तो आदित्य सिंह अपनी कक्षा मे नही था।परिजनों को सूचना हुई तो वह भी भागे भागे स्कूल आए और फोटो देखकर बच्चे पहचान की और फफक फफक कर रो पड़े।पुलिस को सूचना देते हुए परिजन देर रात पृथ्वीगंज प्रतापगढ़ पहुंचे और शव की शिनाख्त की ।बच्चे का बैग अमेठी मे ट्रेन की बोगी से बरामद किया गया।छात्र स्कूल से प्रतापगढ़ कैसे पहुंचा और क्यों गया इसको लेकर परिजन हत्प्रभ है।परिजनों का कहना है कि उनके बच्चे के साथ कोई न कोई अनहोनी हुई है।पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## 14 सितम्बर को नेत्र परीक्षण का आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : ग्राम पंचायत भटहर मे '' स्वर्गीय पंडित रामयश शर्मा उस्ताद'' की पुण्य स्मृति में क्वार पंचमी पर प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले दंगल के साथ ही साथ इस वर्ष भी गत वर्ष की भांति एक लोक कल्याणकारी कार्य ''निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर'' का आयोजन 14 सितंबर 2022, दिन बुधवार को किया जा गया है इस शिविर में आम जनता के नेत्रों का परीक्षण कर परामर्श एवं उपचार संबंधी सुविधा प्रदान की जाएगी। इस शिविर में मोतियाबिंद के मरीजों के लिए निशुल्क ऑपरेशन ,दवा, भोजन एवं अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगे।

# माता पिता को कष्ट देने वाला प्रेत योनि को प्राप्त होता है – पं बालकृष्ण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बरसठी क्षेत्र के झिगुरियां गांव में मंगलवार को आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पहले दिन कथा वाचक पंडित बालकृष्ण शुक्ल जी महराज ने गोकर्ण की कथा सुनाई ।जयशंकर उपाध्याय के आवास पर चल रहे सात दिवसीय कथा में आचार्य ने भक्तों को कथा के माध्यम से बताया कि गोकर्ण के भाई प्रेतात्मा धुंधकारी को प्रेत योनि से मुक्ति इसी भागवत कथा के सुनने से हुई थी। उन्होंने कहा कि माता–पिता को कष्ट देने वाला, शराब पीने वाला, वेश्यागामी आदि पुरुष प्रेतयोनी प्राप्त कर अनंतकाल तक भटकते रहते हैं ।अब न तो गोकर्ण की तरह कथा सुनाने वाले हैं और न कहने वाले ।धुंधकारी को उसके पापों की सजा तो मिली ही साथ ही उसने प्रेतयोनी में रहकर भी सजा भुगती। बाद में जब उसे पछतावा हुआ तो श्रीमद्भागवत कथा सुनकर मन निर्मल हो गया। निर्मल मन होने से उसके सारे संताप कट गये। संगीतमय कथा में आये भक्त मंत्र मुग्ध हो जाते रहे। कथा के श्रवण से मोक्ष की प्राप्ति होती है ।महराज ने बताया कि इस कथा सुनने व सुनाने मात्र से व्यक्ति भव सागर से पार हो जाता है ।कथा में शनि उपाध्याय,सभापति उपाध्याय,रामशिरोमणि तिवारी, राजेश पटेल, सूरज उपाध्याय,उमेश मिश्रा आदि लोग रहे।

## चोरी की बाइक के साथ अंतर्जनपदीय वाहन चोर धराया साथी भागने में रहा सफल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुलिस मंगलवार भोर में खाना पट्टी मोड़ से चोरी की बाइक के साथ एक वाहन चोर गिरफ्तार कर लिया जब कि उसका साथी अंधेरे का लाभ उठाते हुए भागने में सफल रहा ।उक्त सन्दर्भ में थाना प्रभारी विवेक तिवारी ने बताया कि वे अपने हमराहियों के साथ मंगलवार की भोर में गश्त पर थे ।जौनपुर प्रयाग राज हाईवे के खाना पट्टी मोड़ पर एक बाइक पर सवार दो युवक आते हुए दिखाई पड़े ।पुलिस ने रुकने के इशारा किया तो पीछे बैठा युवक कूद कर अंधेरे की ओर भाग निकला जबकि बाइक चालक हड़बड़ा कर गिर गया ।पुलिस ने उसे पकड़ कर उससे पूछ ताछ की तो उसने अपना नाम विकास प्रजापति निवासी मुरादगंज थाना लाइन बाजार बताया। उसने स्वीकार किया कि बाइक चोरी की है ।वे लोग इसे सही जगह पहुंचाने जा रहे थे। उसे बाइक सहित थाने लाकर कड़ाई से पूछा गया तो उसने विभिन्न स्थानों से तीन बाइक और बरामद कराई। पुलिस सूत्रों के अनुसार विकास लाइन बाजार व कोतवाली थाने में वाहन चोरी के जुर्म में जेल जा चुका है ।उस पर लाइनबाजार में गैंगेस्टर भी लगा है।

# आचार्य विनोबा भावे हैं देश और दुनिया के प्रकाश स्तंभ – अम्बरीष कुमार

हरदोई(अम्बरीष कुमार सक्सेना) विनोबा सेवा आश्रम, बरतारा में आयोजित विनोबा जयंती समारोह में विधायक ददरौल मानवेन्द्र सिंह ने कहा कि गांधी जी का नाम सुना ,विनोबा जी के विचारों को मूर्तरूप लेते देखा। वर्ष 1976 से हम आश्रम से जुड़े हैं। क्षेत्र के गरीबों की सेवा का अद्भुत कार्य किया। प्रत्येक घर तक विनोबा की कल्पना को पहुंचाने का कार्य किया। संत विनोबा का नाम विनोबा सेवा आश्रम के कामों से घर घर पहुंचाया है। 128 वीं जयंती पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि विधायक ददरौल मानवेंद्र सिंह ने व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के गरीब तबके में खुशहाली लाने के लिए विनोबा जी ने आवाहन किया था। उसी सपने को पूरा करने के लिए विनोबा सेवा आश्रम ने हजारों हाथों को काम दिया। विनोबा जी के विचार समाज को प्रगति पथ पर ले जाने वाले थे। विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि सेवा भाव सीखना हो तो आश्रम परिवार से सीखे। गरीब वंचित उपेक्षित सभी को सेवा देना कार्य है। विनोबा जी के प्रतिरूप आश्रम में दिखाई देते हैं। विशिष्ट अतिथि शिव सत्संग मण्डल के केन्द्रीय संयोजक अम्बरीष कुमार सक्सेना ने कहा कि जब–जब मानवता विनाश की ओर बढ़ती चली जाती है, नैतिक मूल्य अपनी पहचान खोते जाते हैं, समाज में पारस्परिक संघर्ष की स्थितियां बनती हैं, समस्याओं से मानव मन कराह उठता है, तब–तब कोई न कोई महापुरुष अपने दिव्य कर्तव्य, मानवतावादी सोच, चिन्मयी पुरुषार्थ और तेजोमय शौर्य से मानव–मानव की चेतना को झंकृत कर जन–जागरण का कार्य करता है। समय–समय पर ऐसे अनेक महापुरुषों ने अपने क्रांत चिंतन के द्वारा समाज का समुचित पथदर्शन किया। महापुरुषों की इसी महिमामंडित शृंखला का एक गौरवपूर्ण नाम है आचार्य विनोबा भावे। वे हमारे लिये एक प्रकाश स्तंभ हैं, जिनकी जन्म जयन्ती 11 सितम्बर को मनाई जाती है। रूहेलखंड अस्पताल एवं वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज के संस्थापक डॉक्टर अशोक अग्रवाल ने कहा कि आज आश्रम में स्वास्थ्य मेला लगाकर हमारे मेडिकल कालेज के सेवाभावी लोग धन्य हुए हैं। उन्होंने कहा प्रतिवर्ष 11 सितंबर को वृहत स्वास्थ्य मेला आश्रम द्वारा लगाया जाया करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि मेडिकल कालेज की बस भी यहां आए, इसका भी प्रयास किया जाएगा। आगामी 26 सितंबर को परिवार सेवा कार्ड बनाने का शिविर भी आश्रम में लगाया जाएगा। मेडिकल कालेज की उपाध्यक्ष डा. किरण अग्रवाल ने कहा कि मेडिकल कालेज परिवार को आज यहां पर सेवा देखकर बहुत प्रसन्नता हुई। रिलायंस पावर लिमिटेड के डी जी एम कुमार अवनीश ने कहा कि विनोबा जी ने जो






काम किया वह बहुत ही सराहनीय है ।धरती हमारे परिवार के लोगों को और सेवा करने की सीख मिली। स्वागत संबोधन करते हुए विनोबा सेवा आश्रम के संस्थापक रमेश भइया ने कहा कि विनोबा भावे करुणाशील थे, उनकी करुणा एवं संवेदना से पूरी मानवता आप्लावित थी। नेतृत्व वही सफल होता है जो सबको साथ लेकर, सबका अपना होकर चले। उनका नेतृत्व कद ऊंचा इसलिये उठ गया, क्योंकि उन्होंने अपना वात्सल्य, प्रेम, विश्वास और सौहार्द सबमें बांटा। उपलब्धियों में सबको सहभागी माना। अपने साथियों एवं कार्यकर्ताओं का दर्द–बांटना उनकी सर्वोपरि प्राथमिकता थी ।उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य की सेवा का कार्य महान है। इस अवसर पर धीरेंद्र सिंह पीलीभीत , भाजपा नेता नवनीत गुप्ता , चित्रगुप्त सेवा धाम के अनुराग श्रीवास्तव हरदोई , सुरेश त्रिपाठी , डा. कर्नल अरविंद शुक्ला निदेशक , ललित चौहान , अमित कुमार सिंह , डा के जी गौर , प्रतिमा बहन , ऊषा श्रीवास्तव, नरेंद्र सिंह सर्वेश कुमार वर्मा , विमला बहन ने भी विचार व्यक्त किए ।निदेशक मोहित सक्सेना,ध्रुव तिवारी,मुदित भैया, विस्सन भाई ने अभ्यगतों का स्वागत किया। समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार ओंकार मनीषी ने करते हुए कहा कि विनोबा आश्रम की तपस्या का प्रतिफल समाज में जिले को मिला है। विनोबा जयंती के अवसर पर सर्वप्रथम वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज के सौजन्य से लगाए गए वृहत स्वास्थ्य मेला का शुभारंभ विधायक मानवेंद्र सिंह ने फीता काटकर किया ।जिसमें 1587 मरीजों का पंजीकरण हुआ। सभी को मुफ्त चिकित्सा उपलब्ध कराई गई। अनेक प्रकार की जांचें भी की गई। विनोबा सेवा आश्रम परिसर में स्थापित विनोबा प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया गया।

# चीन के वायरस की यूपी में दस्तक : बर्बाद हो रही धान की फसल : बालियां भी नहीं बन रहीं

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश में सूखे की मार के चलते पहले ही धान की रोपाई कम हुई थी, अब फसल पर चीन के 'साउथ राइस ब्लैक स्ट्रीक्ड ड्वार्फ वायरस' (एसआरबीएसडीवी) ने हमला बोल दिया है। इससे प्रभावित फसल बौनी हो रही है और बालियां नहीं आ रही हैं। अंबेडकरनगर समेत कई जिलों में परेशान किसान प्रभावित फसल को जोत रहे हैं। हरियाणा, पंजाब और उत्तराखंड के बाद इस वायरस के प्रदेश में दस्तक देने से धान के कम उत्पादन की आशंका और बढ़ गई है। प्रदेश में इस बार बारिश कम हुई है। 62 जिले ऐसे रहे जहां सामान्य से काफी कम बारिश हुई। इससे धान की फसल सबसे ज्यादा प्रभावित हुई है। यही वजह रही कि 90 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में धान की रोपाई के लक्ष्य की तुलना में सिर्फ 60 लाख हेक्टेयर में ही रोपाई हो पाई। सूखे की मार झेलकर किसी तरह फसल रोपने वाले किसानों के समक्ष अब चीनी वायरस के हमले से संकट गहरा गया है। कई जिलों के सर्वे में इसका खुलासा हो रहा है। हालांकि प्रदेश में चल रहे सर्वे की रिपोर्ट अभी शासन को नहीं सौंपी गई है। इन जिलों में वायरस का प्रकोप प्रदेश में चल रहे सर्वे में बागपत, मेरठ, बिजनौर, अंबेडकरनगर, महाराजगंज, कुशीनगर, आजमगढ़, रायबरेली, प्रयागराज जिलों में वायरस का प्रकोप सामने आया है। चीन में पहली बार 2001 में सामने आया था वायरस यह वायरस पहली बार वर्ष 2001 में चीन के दक्षिणी प्रांत में मिला था। इसलिए इसे एसआरबीएसडीवी नाम दिया गया। इसे फिजी वायरस भी कहा जा रहा है। प्रदेश में पांच से दस प्रतिशत तक फसल इससे प्रभावित होने का अनुमान है। बागपत के किसान इंद्रपाल सिंह कहते हैं कि उनकी फसल इस वायरस से बर्बाद हो गई है। वे इसे धान की फसल का कोरोना बता रहे हैं। प्रभावित फसल के लक्षण एसआरबीएसडीवी से प्रभावित फसल में तना नहीं बढ़ता है। फसल बौनी रह जाती है। पौधे पर बालियां नहीं आती हैं। देखने में फसल हरी–भरी रहती है, पर वह केवल घास की तरह ही खड़ी रहती है। इनकी जड़ें काली हो जाती हैं। राजस्व विभाग ने कहा, राहत दी जाएगी प्रमुख सचिव राजस्व सुधीर गर्ग ने सभी डीएम को इस संबंध में पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने पीड़ित किसानों का ब्योरा एकत्र करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में अगर संबंधित जिला सूखे के मानकों में शामिल



होता है तो इन किसानों को कृषि निवेश अनुदान समय से देने में आसानी होगी। उन्होंने ऐसे प्रकरणों में नष्ट फसलों को शत प्रतिशत क्षति मानते हुए विवरण राहत आयुक्त को भेजने को कहा है। प्रभावित पौधों को काटकर जमीन में दबा दें : डॉ. राव आचार्य नरेंद्र देव कृषि विवि अयोध्या के निदेशक (प्रसार) डॉ. एपी राव कहते हैं कि फिलहाल वायरस से निपटने का कोई सीधा उपचार नहीं है। इसलिए इससे प्रभावित पौधों को काटकर जमीन में दबा देना चाहिए। खेत में भूरा फुदका का नियंत्रण करना चाहिए क्योंकि इसमें कीट प्रभावित पौधे का रस चूसकर दूसरे पर बैठता है तो वायरस वहां तक पहुंच जाता है। इसके लिए कीटनाशक का प्रयोग जरूरी है। इस बार कम बारिश के कारण बोआई लेट हुई है। इससे फसल पर वायरस का असर ज्यादा देखने को मिल रहा है। यदि किसान सही कीटनाशकों से इसके प्रसार को रोकें तो इस पर नियंत्रण पाया जा सकता है। एसआरबीएसडीवी के प्रकोप की सूचना कई जगह से आई है, लेकिन अभी टीमों ने रिपोर्ट नहीं दी है। यह भी पता चला है कि बारिश कम होने और वायरस के प्रकोप के चलते कई जिलों में किसानों ने अपनी फसल भी जोत दी है। टीम सर्वे कर रही है। उसकी रिपोर्ट आने के बाद पूरी स्थिति साफ हो जाएगी। – डॉ. देवेश चतुर्वेदी, अपर मुख्य सचिव कृषि

## छेड़खानी का मुकदमा दर्ज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बरसठी क्षेत्र के लखराव गांव की एक महिला गांव के हो एक व्यक्ति पर छेड़खानी का मुकदमा पुलिस के यहां सोमवार को दर्ज कराया है ।महिला को काफी दिनों से परेशान कर रहा था ।लखराव गांव की महिला पुलिस के यहां शिकायत किया था कि गांव का भोलानाथ हमे काफी दिनों से परेशान कर रहा था ।पांच सितंबर को आरोपीत व्यक्ति अकेली देखकर छेड़खानी करने लगा और जान से मारने की धमकी देने लगा तो महिला ने शोर मचाया आसपास के लोग जुट जाने पर आरोपी फरार हो गया ।पुलिस शिकायत पर सोमवार को विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपीत की तलाश में जुट गई है।

# पूर्व भाजपा विधायक खब्बू तिवारी को 11 माह बाद सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने से उनके समर्थकों में दिखी खुशी की लहर

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) आरोप के मुताबिक कुछ साल पहले साकेत महाविद्यालय में अंक पत्रों में हेराफेरी करके अगली कक्षा में प्रवेश लेने के मामले में 5 साल की सजा प्राप्त भाजपा के पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी उर्फ खब्बू को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिल गई है।सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश यूयू ललित की पीठ ने हाईकोर्ट के आदेश को निरस्त करते हुए सजा को स्थगित कर जमानत को मंजूर करने का आदेश पारित किया है। इस निर्णय से भाजपा विधायक इन्द्र प्रताप तिवारी उर्फ खब्बू तिवारी के समर्थकों में खुशी की लहर दिखाई दे रही थी। सूत्र के मुताबिक अब इससे पूर्व विधायक की रिहाई का रास्ता साफ हो गया है। मालूम हो पिछले वर्ष 18 अक्टूबर 2021 को मामले में एमपी एमएलए कोर्ट से सजा मिलने के बाद पूर्व विधायक जेल में निरूद्ध है। आरोप के मुताबिक यह मामला अयोध्या जनपद के थाना राम जन्मभूमि का वर्ष 1992 का है।अभियोजन पक्ष के मुताबिक 14 फरवरी 1992 में का सु साकेत महाविद्यालय अयोध्या में फर्जी अंक पत्रों के आधार पर पिछले वर्षों में प्रवेश प्राप्त करने का मामला प्रकाश में आया था जिनमें फूलचंद यादव ने बीएससी भाग 1 परीक्षा 1986 में अनुत्तीर्ण रहने और बैक पेपर परीक्षा के उपरांत भी बीएससी भाग 2 में प्रवेश पाने के योग्य नहीं थे परंतु विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत बैक पेपर परीक्षा फल पत्रक पर हेर फेर कर धोखाधड़ी और षड्यंत्र के आधार पर उत्तीर्ण होने का अंक पत्र प्राप्त कर लिया था।आरोप के मुताबिक इसी प्रकार इंद्र प्रताप तिवारी ने बीएससी सेकंड वर्ष परीक्षा 1990 में अनुत्तीर्ण होने के बावजूद बीएससी तृतीय वर्ष तथा कृपा निधान तिवारी ने प्रथम वर्ष 1989 में एल एल बी प्रथम वर्ष में अनुत्तीर्ण होने के बावजूद छल कपट कर एलएलबी द्वितीय वर्ष में प्रवेश प्राप्त कर लिया था।साकेत महाविद्यालय के तत्कालीन प्राचार्य यदुवंश राम त्रिपाठी के संज्ञान में यह मामला आया तब 18 फरवरी 1992 को उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मिलकर इन तीनों के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने के लिए तहरीर दिया था जिसे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने थाना राम



जन्मभूमि को मामले में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही का आदेश दिया। इसी के साथ इंद्र प्रताप तिवारी व छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष फूलचंद यादव चाणक्य परिषद के अध्यक्ष कृपा निधान तिवारी के विरुद्ध 24/1992 अंतर्गत धारा 420 467 468 471 के तहत दर्ज किया गया। मामले के विवेचक ने विवेचना के पश्चात तीनों के खिलाफ आरोप पत्र संबंधित अदालत में प्रस्तुत किया था।अदालत में सुनवाई के दौरान महाविद्यालय के तीन कर्मचारियों महेंद्र कुमार अग्रवाल सहित कई गवाह संबंधित एमपी / एमएलए कोर्ट में साक्ष्य के रूप में पेश हुए। वादी एवं गवाहों के बयान के आधार पर एमपी/एमएलए कोर्ट की तत्कालीन विशेष न्यायाधीश पूजा सिंह ने मामले में भाजपा विधायक इंद्र प्रताप तिवारी उर्फ खब्बू छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष व सपा नेता फूलचंद यादव तथा चाणक्य परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृपा निधान तिवारी पर सोमवार को दोष सिद्ध किया था। इसी के बाद इन तीनों को 420 में 3 साल की सजा और 6 हजार जुर्माना 468 में 5 साल की सजा और 8 हजार जुर्माना तथा 471 में 2 साल की सजा और 5 हजार जुर्माना से दंडित किया था और यह भी आदेश किया था कि तीनों सजाएं साथ–साथ चलेंगी। सजा सुनाने के बाद तीनों अभियुक्तों को अयोध्या मंडल कारागार भेज दिया गया था। तब से भाजपा के पूर्व विधायक जेल में निरूद्ध रहे।हाईकोर्ट लखनऊ बेंच से भी जमानत निरस्त हो गई थी।जबकि इनके दो साथी छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष फूलचंद यादव व चाणक्य परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक कृपा निधान तिवारी की हाई कोर्ट से जमानत मिलने के बाद जेल से रिहाई हो गई थी।पूर्व विधायक खब्बू तिवारी को सुप्रीम कोर्ट से उनके समर्थकों में खुशी का माहौल हो गया और वह काफी उत्साहित हैं।

## बिजली विभाग के अधिकारियों व कर्मियों के फोन न उठने से उपभोक्ताओं में दिखा आक्रोश : इनके प्रति कभी भी फूट सकता है गुस्सा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के दर्शन नगर क्षेत्र में विद्युत विभाग की फाल्ट ठीक करते समय उसमें विधुत धारा प्रवाहित होने के चलते दो लाइनमैन झुलस गये। इस संबंध जानकारी लेने के जब देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र व एनबीसी चैनल अयोध्या ब्यूरो चीफ व अन्य बिजली विभाग के उपभोक्ताओं ने सुबह से देर शाम तक इस विभाग के अधिकारियों व कर्मियों से बात करना चाहा तो उनके फोन पर घंटी जाने के बावजूद नहीं उठा, उसके बाद उनका फोन स्विच ऑफ हो गया। जिसके चलते उनकी लापरवाही साफ साफ दिखाई दे रही थी।वही सूत्र के मुताबिक इस दुर्घटना में घायल एक लाइन मैन की हालत गंभीर होने के चलते चिकित्सकों ने उसे लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। वही दूसरे का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।सूत्र के मुताबिक सुबह 10:00 बजे से देर रात तक चौक व नाका एरिया में बिजली आपूर्ति नहीं आ रही है। सूत्र के मुताबिक एयरपोर्ट के निर्माण केध लिये शटडाउन लिया गया था।परंतु किसी कारण सेघ्ध वे दोनों खंभे से गिर गये। सूत्र के मुताबिक यह हादसा दर्शन नगर एरिया में हुआ।परंतु देर रात तक विद्युत आपूर्ति नहीं बहाल हो सकी थी।जिसके चलते नाका चौक सहित अन्य विधुत उपकेन्द्र पर विधुत आपूर्ति बाधित रही। इस कारण लोगों को काफी परेशानी हो रही थी।वही इसी कड़ी में बिजली विभाग के अधिकारियों व कर्मियों ने या तो अपने सरकारी नंबर बंद कर दिये या फिर मोबाइल पर फोन जाने के बावजूद उन्होंने उठाना मुनासिब नहीं समझा।बिजली न होने के चलते बिजली उपभोक्ताओं परेशान दिखाई दे रहे थे।परंतु इस गंभीर समस्या पर बिजली विभाग के अधिकारी व कर्मी कोई भी ध्यान देना मुनासिब नहीं समझा।जिसके चलते बिजली उपभोक्ताओं का आक्रोश बिजली विभाग के अधिकारियों व कर्मियों के प्रति दिखा।

# वर्तमान समय में पलिया माफी गौशाला में भी रखे गए गोवंश पशु बदहाली का शिकार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के मिल्कीपुर विकासखंड अंतर्गत पुलिस चौकी शाहगंज क्षेत्र के पलिया माफी ग्राम पंचायत में संचालित गौशाला में भी रखे गए गोवंश पशु बदहाली का शिकार है।पर्याप्त देखभाल, चारा पानी की उचित व्यवस्था और दवा उपचार का अभाव बना हुआ है। यहां तक की गौशाला में मृत गोवंश पशुओं को दफनाने की जिम्मेदारों द्वारा जहमत नहीं उठाई जाती है।मालूम हो कि शनिवार 10 सितंबर को हुई एक गोवंश पशु गाय की मौत होने के बाद अफरा तफरी का माहौल देखने को मिला। वही लोगों द्वारा सूचना दिए जाने के बाद शाहगंज पुलिस चौकी प्रभारी जय किशोर अवस्थी पुलिस टीम के साथ गौशाला पहुंचे। जिसके चलते ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए ग्राम प्रधान राकेश चौधरी व दो अन्य लोगों को पकड़ कर पुलिस चौकी में ले आए। बताया गया कि शनिवार को गौशाला में हुई गाय की मौत होने के बाद ग्राम प्रधान गाय के शव को दफनाने के बजाय दूसरे को दे देना चाहते थे। जिससे ग्रामीण आक्रोशित हो गए। और दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग करने लगे।इसी कड़ी में पुलिस चौकी प्रभारी द्वारा ग्राम प्रधान और दो अन्य लोगों को पकड़कर पुलिस चौकी लाने के बाद लोगों का आक्रोश कुछ शांत हो गया।कई प्रधान और उनके प्रतिनिधि भी देर शाम पुलिस चौकी में इकट्ठा हो गए। पुलिस चौकी प्रभारी द्वारा मामले की सूचना उच्चाधिकारियों को दी गई।इसकी सूचना अधिकारियों को दी गई।जिसके चलते रात में मौके पर पहुँचे सीओ मिल्कीपुर सत्येंद्र भूषण त्रिपाठी, खंड विकास अधिकारी मिल्कीपुर, पशु चिकित्साधिकारी , व पशु चिकित्सकों की टीम ने जांच पड़ताल के बाद मृत गाय की पोस्टमार्टम प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को दफनवा दिया गया।इस संबंध मे शाहगंज पुलिस चौकी प्रभारी जय किशोर अवस्थी ने बताया कि मामला पूरी तरह शांत करा दिया गया है।अभी कोई रिपोर्ट नहीं दर्ज हुई है। सूत्रों द्वारा पता चला है कि जनपद के अन्य गौशाला में भी मृत होने वाले गोवंश पशुओं दफन करने अथवा अंतिम संस्कार में संवेदनहीनता दिखाई जाती है। जबकि 1 दिन पहले सोहावल क्षेत्र के गौशाला में मृत होने वाले गोवंश पशु के चमड़े और हड्डी को कांटे पर तौल कर ट्रक में लदवा कर बिक्री किए जाने के काले कारोबार के मामले का खुलासा होने से हड़कंप मच गया है। इस मामले में जबकि ग्राम प्रधान राकेश चौधरी ने अपने ऊपर लगे आरोपों को पूरी तरह से निराधार बताया है।

## छह लेन सड़क से जुड़ेगी श्रीरामजन्मभूमि : लखनऊ–गोरखपुर हाईवे की बढ़ाई जाएगी चौड़ाई

अयोध्या(संवाददाता) सुरेन्द्र कुमार : रामलला की जन्मभूमि छह लेन सड़क से जोड़ी जाएगी। इसके लिए वाया अयोध्या, लखनऊ से गोरखपुर तक हाईवे को चौड़ा करने का फैसला किया गया है। अभी यह रोड फोरलेन है। इस सड़क को चौड़ा करने के लिए शीघ्र ही भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) टेंडर आमंत्रित करेगा। अयोध



या में रामलला के मंदिर का निर्माण पूरा होने पर यहां पूरे संसार से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि होना तय है। इसको ध्यान में रखते हुए ढांचागत सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। इसी के तहत लखनऊ–अयोध्या–गोरखपुर हाईवे को छह लेन तक चौड़ा करने की योजना बना ली गई है। लखनऊ से अयोध्या के बीच हाईवे से सटे गांव और कस्बे हैं। इसलिए जहां सड़क को चौड़ा करने के लिए भूमि उपलब्ध ा नहीं होगी, वहां फ्लाईओवर बनाए जाएंगे। लखनऊ से गोरखपुर तक हाईवे की लंबाई 269 किमी है। पूरे हाईवे पर 40 ऐसे स्थान चिह्नित किए गए हैं, जहां फ्लाईओवर बनाए जाएंगे। एनएचएआई सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने इस परियोजना को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। शीघ्र ही डीपीआर (विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट) तैयार हो जाएगी। लागत और अन्य विशिष्टियों का आकलन होने के बाद टेंडर आमंत्रित किए जाएंगे।

# अपना दल(यस) का सदस्यता अभियान समारोह सम्पन्न

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) प्रदेश को 1612 जोनों में बांटकर एक करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य अपना दल यस ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व में लिया है।देश कृषि प्रधान



देश है।किसानों को अपने कृषि उत्पादों के मूल्य तय करने का अधिकार मिलना चाहिए।एनडीए के साथ मिलकर अपना दल यस 2024 में पुनः सरकार बनाएगी।केंद्र में एनडीए की सरकार जनता को राशन ,शौचालय ,आवास ,गैस सिलेंडर फ्री में बांट रही है ।जिससे सभी का विकास हो रहा है।उक्त विचार अपना दल के अपना दल यस के सदस्यता अभियान के मंडल प्रभारी के के पटेल मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किया ।दो दर्जन से ज्यादा ग्राम प्रधान व बीडीसी सदस्यों ने इस दौरान सदस्यता ग्रहण की।भीड़ से गदगद दिखे मुख्य अतिथि ने जोन प्रभारी प्रमोद सिंह को भावी विधायक की घोषणा की।जो राजनीतिक क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया।विधानसभा क्षेत्र गोसाईगंज के बीकापुर तहसील क्षेत्र के हैदरगंज में एक गेस्ट हाउस में आयोजित सोमवार को सदस्यता समारोह की अध्यक्षता अपना दल के विधानसभा अध्यक्ष गौतम पटेल व संचालन बौद्धिक प्रकोष्ठ के सचिव घनश्याम पटेल ने किया।इस अभियान समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री पटेल ने राष्ट्रीय महासचिव प्रमोद सिंह के संयोजन में आयोजित सदस्यता अभियान की जमकर तारीफ की और उन्हें टिकट दिलाने का वादा करते हुए भावी विधायक की घोषणा भी की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा अब तक गोसाईगंज के 110 बूथों पर 120 सक्रिय सदस्य और 3000 सामान्य सदस्य बनाए गए हैं ।आज भारी संख्या में ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य जो सदस्यता ग्रहण की जो कद का बढ़ता प्रभाव अपने आप दिखाई पड़ रहा है। इस मौके पर श्री पटेल ने संगठन पर कई आयामों से अपने विचार रखे। इनके अलावा कृष्ण देव पटेल जिला महासचिव ,राजेंद्र पटेल प्रदेश महासचिव, मिथिलेश विधानसभा अध्यक्ष महिला मंच ,राज कुमार सिंह जिला सचिव ,राम नयन पटेल ,बंसराज पटेल ,प्रदेश सचिव, रणविजय ,हरीश चंद्र सहित कई अद नेताओं ने सदस्यता अभियान के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। मुख्य अतिथि का स्वागत 21 किलो मालाओं के साथ दक्षिणी जोन प्रभारी प्रमोद सिंह सहित कार्यकर्ताओं हरीश सेन, इंदल बर्मा, वशिष्ठ दुबे ,अरुण जायसवाल, धर्मेंद्र सिंह ,सोनू सिंह ,कैलाश मिश्रा ,लोकनाथ दुबे ,शारदा शर्मा ,राजेश तिवारी आदि लोगों ने किया ।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि ने अपना दल के संस्थापक सोनेलाल पटेल व सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया ।अंत में सभी कार्यकर्ताओं के दक्षिणी जोन विधानसभा गोसाईगंज के प्रभारी ने आभार व्यक्त किया।

# मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने कहा–अदालत का फैसला 'निराशाजनक' : सांप्रदायिक सौहार्द को होगा नुकसान

लखनऊ ब्यूरो : ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने ज्ञानवापी मस्जिद मामले पर वाराणसी जिला अदालत के फैसले को निराशाजनक करार दिया है। साथ ही सरकार से पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 को पूरी ताकत के साथ लागू करने का आग्रह किया है। आपको बता दें कि वाराणसी जिला अदालत ने सोमवार को कहा कि वह हिंदू देवताओं की दैनिक पूजा की मांग वाली याचिका पर सुनवाई जारी रखेगी, जिनकी मूर्तियां ज्ञानवापी मस्जिद की बाहरी दीवार पर स्थित हैं, मस्जिद समिति के तर्क को खारिज कर दिया कि मामला चलने योग्य नहीं है। एआईएमपीएलबी के महासचिव मौलाना खालिद सैफुल्ला रहमानी ने एक बयान में कहा कि जिला न्यायाधीश की अदालत का प्रारंभिक फैसला निराशाजनक और दुखद है। उन्होंने कहा कि अयोध्या मामले में वर्ष 1991 में संसद ने कानून बनाकर मंजूरी दी थी कि बाबरी मस्जिद को छोड़कर सभी पूजास्थलों को वर्ष 1947 की स्थिति में रखा जाएगा और उसके खिलाफ कोई भी विवाद मान्य नहीं होगा। सुप्रीम कोर्ट ने भी अयोध्या मामले में दिए फैसले में धार्मिक स्थल अधिनियम 1991 की पुष्टि की और इसे अनिवार्य घोषित कर दिया। इसके बावजूद बनारस में ज्ञानवापी का मुद्दा उठाया। पर अफसोसजनक है कि स्थानीय जिला न्यायाधीश ने धर्मस्थल कानून 1991 की अनदेखी करते हुए याचिका को स्वीकार कर लिया। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी ने कहा कि कोर्ट का प्रारंभिक फैसला बेहद निराशाजनक व तकलीफदेह है। सरकार को धर्मस्थल कानून 1991 को मजबूती से लागू करना चाहिए। ऐसी स्थिति उत्पन्न न होने दें कि अल्पसंख्यक समुदाय न्याय से निराश हो जाएं और महसूस करें कि उनके लिए न्याय के सभी दरवाजे बंद हैं। उन्होंने कहा कि अब यह दुखद दौर आ गया है जहां अदालत ने शुरू में हिंदू समूहों के दावे को स्वीकार किया और उनके लिए मार्ग प्रशस्त किया। यह देश और लोगों के लिए एक दर्दनाक बात है। रहमानी ने कहा कि यह देश की एकता को प्रभावित करेगा और सांप्रदायिक सद्भाव को नुकसान पहुंचाएगा। धर्मस्थल एक्ट 1991 को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है: मौलाना खालिद रशीद ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड कार्यकारिणी




सदस्य मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने बाबरी मस्जिद मामले में अपने आदेश में धर्मस्थल कानून 1991 का जिक्र किया था। इसके बाद जनता को यकीन हो गया था कि अब देश में मंदिर–मस्जिद से जुड़े तमाम मामले अब सुलझ गए हैं। इसके बावजूद धर्मस्थल एक्ट 1991 को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव मौलाना यासूब अब्बास ने कहा कि ज्ञानवापी मामले में बनारस के हिंदू–मुस्लिम धर्मगुरुओं को बैठकर अदालत के बाहर कोई न कोई हल निकालना चाहिए। मस्जिद में शिवलिंग है या नहीं, यह अलग विषय है। मस्जिदों में फव्वारा व हौज होते हैं। फव्वारे को शिवलिंग का रंग देना गलत है। हमारी अपील है कि हम धर्म के नाम पर आपस में न लड़ें बल्कि गरीबी व अशिक्षा के खिलाफ लड़ें, तभी देश की तरक्की होगी। 'हिंदुस्तान हमेशा से गंगा–जमुनी तहजीब का केंद्र रहा है' इदारा शरईया हनफिया फिरंगी महल के अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती अबुल इरफान मियां फिरंगी महली ने कहा कि धर्मस्थल कानून 1991 को नजरअंदाज कर लगातार इबादतगाहों पर दावा ठोका जा रहा है। इस तरह से देश में अमन व शांतिभंग होने की आशंका बनी रहेंगी। हिंदुस्तान हमेशा से गंगा– जमुनी तहजीब का केंद्र रहा है। सभी लोग प्यार–मोहब्बत से रहते आ रहे हैं। देश में अमन व शांति के लिए जो कानून बनाया गया था, उसका पालन करना चाहिए। इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन के सचिव अतहर हुसैन ने कहा कि अयोध्या मामले में 9 सितंबर 2019 को दिए गए सुप्रीम कोर्ट के आदेश को वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद सहित देश के सभी धार्मिक स्थानों पर धर्मस्थल अधिनियम 1991 की प्रयोज्यता के संबंध में स्वीकार किया जाना चाहिए। राम जन्मभूमि के अलावा कोई मामला जिसे 15 अगस्त 1947 से धार्मिक स्थल का दर्जा प्राप्त है, अगर इसे किसी अन्य धार्मिक स्थल के चरित्र में बदल दिया जाता है तो अयोध्या मामले में सुप्रीम कोर्ट के सुनाए गए फैसले को नकारा जाना है।

## कायस्थसमाज के मेधावी छात्र एवं छात्राओं का किया गया सम्मान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मीरापुर में स्थित श्री धर्म हरि चित्रगुप्त मंदिर में कायस्थ धर्म सभा ने 2021 –22 के मेधावी छात्र एवं छात्रों को सम्मानित किया। कायस्थ धर्म सभा अयोध्या चित्रगुप्त मंदिर में अनेकों नेक धार्मिक कार्यक्रम समय–समय पर करता रहता है। आज जहां श्री धर्म हरि चित्रगुप्त मंदिर को सीसी टी वी कैमरा लगवा कर गर्भ ग्रह से लेकर पूरे परिसर को सुरक्षित किया। साथ ही 2021–22 के इंटरमीडिएट और हाई स्कूल के जिले के आठ मेधावीओ को सायंकाल 6:00 बजे सम्मानित किया। इसमें आयुष श्रीवास्तव कक्षा 12 पुत्र सत्येंद्र श्रीवास्तव , पलक श्रीवास्तव पुत्री संदीप श्रीवास्तव, आदित् श्रीवास्तव पुत्री पुष्पा खरे, अवनी श्री सर्वेश मोहन श्रीवास्तव कक्षा 12 तथा हाई स्कूल के कुशाग्र श्रीवास्तव पुत्र वीरेश श्रीवास्तव मंजरी श्रीवास्तव आद्रिका श्रीवास्तव पुत्री सर्वेश मोहन श्रीवास्तव, माही श्रीवास्तव पुत्री राजेश श्रीवास्तव यह सभी मेधावी कक्षा 10 के छात्र हैं इन सभी मेधावी को धर्म सभा के अध्यक्ष सतीश सहाय उपाध्यक्ष हरी मोहन श्रीवास्तव उपाध्यक्ष विश्व दीपक श्रीवास्तव महिला शाखा की अध्यक्ष पल्लवी श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष सुशील श्रीवास्तव और दिल्ली से आए राष्ट्रीय कायस्थ विचार फाउंडेशन के राष्ट्रीय महामंत्री वीपी श्रीवास्तव आदि पदाधिकारियों ने मेडल वस्त्र लेखनी और मिठाई खिला कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में संजीव श्रीवास्तव दीपांश श्रीवास्तव हरिशंकर श्रीवास्तव संधया श्रीवास्तव शिप्रा श्रीवास्तव सौम्य श्रीवास्तव सहित सैकड़ों लोगों ने उपस्थित होकर श्री धर्महरि चित्रगुप्त भगवान का दर्शन पूजन अर्चन कर मेधावी छात्र एवं छात्राओं एवं समाज के अन्य उपस्थिति लोगो के साथ आरती उतारी। कायस्थ धर्म सभा के अध्यक्ष सतीश सहाय ने मेधावी यों को मेडल पहनाया उसके बाद कहा आज के हमारे यह नवयुवक देश का नाम हर क्षेत्र में रोशन करने को तैयार हैं आने वाले समय में अयोध्या से अच्छी प्रतिभाएं निकलकर देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। राष्ट्रीय कायस्थ विचार फाउंडेशन के राष्ट्रीय महामंत्री वीपी श्रीवास्तव ने कहा, हमें गर्व है समाज के मेधावी छात्रों की तरह अन्य छात्र मेहनत कर कर अंक लाएंगे और हमेशा सम्मानित होते रहेंगे। महिला शाखा की अध्यक्ष पल्लवी श्रीवास्तव ने कहा यह हमारे समाज और देश के मेधावी छात्रों की प्रसंसा की।

# आईआईटी में एक व नीट परीक्षा में तीन छात्रों ने किया अयोध्या वा गोसाईगंज का नाम रोशन"

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) 'कदम चूम लेती है मंजिले आकर अगर आदमी कभी हिम्मत न हारे ' इस कथन को चरितार्थ करता हुआ गोसाईगंज नगर पंचायत क्षेत्र के चार होनहार छात्रों में टेढ़ियागली निवासी जयप्रकाश गुप्ता के दूसरे पुत्र अंशित गुप्ता ने आई.आई.टी की परीक्षा जनरल में 7750 वां रैंक के साथ गोसाईगंज नगर एवं अपने विद्यालय बाबू गया प्रसाद कॉन्वेंट स्कूल समदा का नाम रोशन किया है। इसी विद्यालय का अलना भारी निवासी अनुराग वर्मा पुत्र अखिलेश वर्मा माता उषा वर्मा के पुत्र नीट की परीक्षा देकर अपने गांव एवं विद्यालय का नाम रोशन करते हुए 8060 वां रैंक लाकर अपने क्षेत्र व विद्यालय गौरव बढ़ाया। वही नीट की परीक्षा में ऋषभ गुप्ता पुत्र डॉ. अनिरुद्ध गुप्ता तथा शिवांश कसौधान पुत्र अजय कसौधन व मयंक कसौधन पुत्र रामनाथ कसौधन नीट परीक्षा में कामयाबी हासिल करने के बाद इनके परिवार के लोग अपने बच्चों के सफलता पर उनके माता पिता फूले नहीं समा रहे है। आईआईटी में जयप्रकाश गुप्ता जी के दूसरे पुत्र अंशित गुप्ता जिसका परिणाम रहा कि पहली बार में हीआईआईटी की एडवांस परीक्षा में सफलता अर्जित कर तैयारी करने वाले अन्य छात्र–छात्राओं के लिए प्रेरणा का केन्द्र बन गया। जयप्रकाश गुप्ता ने बताया कि माता–पिता के सानिध्य में रहकर हाई स्कूल परीक्षा बाबू गया प्रसाद कान्वेंट स्कूल में व इंटर का परीक्षा अवध इंटरनेशनल दर्शन नगर अयोध्या से हासिल किया। इसके बाद तैयारी कर जेईई एडवांस की परीक्षा में शामिल हुए जिसमें डेढ़ लाख परीक्षार्थी एडवांस परीक्षा दिये। जिसमें लगभग अट्ठारह हजार चयनित परीक्षार्थियों में से 7750 रैंक ले आकर अपना सपना साकार कर दिया। अंशित ने बताया कि मेरा सपना आईएएस बनने का है। अपनी सफलता का श्रेय माता–पिता के अलावा अपने गुरुजनों के साथ बड़े भाई को दिया। इस मौके पर बाबू गया प्रसाद विद्यालय के प्रबंधक कृष्ण चंद मौर्य भाजपा मीडिया प्रभारी दिनेश जायसवाल अनुराग वर्मा अंशित गुप्ता के घर जाकर नीट परीक्षा में शानदार प्रदर्शन अर्जित करने वाले छात्र एवं माता–पिता को माला पहनाकर मुंह मीठा करया। छात्र अनुराग वर्मा का कहना है कि यदि आपमें जज्बा और कार्य के प्रति सच्ची लगन हो तो कोई भी बाधा आपको सफल होने से नही रोक सकती। इस सफलता से गदगद ऋषभ गुप्ता अंशित गुप्ता मयंक गुप्ता अनुराग वर्मा ने कहा कि ये सब मेरे माता–पिता और गुरु के कृपा से हुआ है। बलरामपुर मॉडर्न स्कूल से इंटर तक ठोस शिक्षा ग्रहण करना और माता पिता के लगातार सकारात्मक सहयोग से ही मेरे चयन का आधार है। बाबू गया प्रसाद स्कूल के प्रबंधक कृष्ण चंद्र मौर्य ने बताया कि छात्र की इस सफलता का पूरे विद्यालय के गुरुजनों और अभिभावकों को जाता है। आईआईटी व के नीट में चयन होने पर श्रीनाथ गुप्ता प्रदीप जायसवाल रामकृपाल बर्तन गोपीनाथ अगियार जयप्रकाश गुप्ता संजय पराग सुदीप मोदनवाल प्रशांत गुप्ता भाजपा मीडिया प्रभारी सुनील जायसवाल कन्हैयालाल त्रिपाठी सुनील कसौधन सभासद अवधेश स्वर्णकार बधाई दी है।

## सरकारी संस्थानों के लिए 21704 व निजी हेतु 1752 अभ्यर्थियों की मेरिट जारी

लखनऊ ब्यूरो : प्रदेश के राजकीय व निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में दाखिले के लिए तीसरी मेरिट सूची जारी कर दी गई है। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के द्वितीय चरण के आवंटन के पश्चात उच्चीकरण के प्रवेश परिणाम जारी कर दिए गए हैं। अर्ह अभ्यर्थी 17 सितंबर तक दाखिला ले सकते हैं। इसकी जानकारी http%//www.scvtup.in, http%//www.upvesd.gov.in, http%//www.upvesd.gov.in/dte, http%//www.upsdm.gov.in पर ली जा सकती है। विशेष सचिव व्यावसायिक शिक्षा अभिषेक सिंह के अनुसार, तीसरी सूची में सरकारी संस्थानों के लिए 21704 व निजी के लिए 1752 अभ्यर्थियों की मेरिट जारी की गई है। प्रवेश की सूचना आवेदक के मोबाइल पर एसएमएस के जरिए भेजी जा रही है। अभ्यर्थी बुलावा पत्र की प्रति के साथ मूल प्रमाणपत्रों, अंकपत्रों की प्रति, प्रमाणित प्रति व दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ संबंधित संस्थान के प्रधानाचार्य से संपर्क करके दाखिला ले सकते हैं। प्रवेश न होने की दशा में उसकी रैंक सूचना सहित प्रदर्शित होगी और अभ्यर्थी को अगले प्रवेश चरण की प्रतीक्षा करनी होगी।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मो0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक
**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**
**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**
deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।